FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## प्रेस नोट थाना सिरसागंज दिनांक 30-10-2025 जनपद फिरोजाबाद।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 631/25 धारा 303(2) बीएनएस0 का मात्र 08 घंटे में सफल अनावरण कर वांछित अभियुक्त राशिद पुत्र चाँद खाँ को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त राशिद पुत्र चाँद खाँ पैर में गोली लगने से हुआ घायल......**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 02 जिन्दा, 02 खोखा कारतूस व मु0अ0सं0 631/25 धारा 303(02) से सम्बन्धित चोरी / लूट का 01 चार पहिया छोटा हाथी टाटा कम्पनी (यूपी-83-टी-5120 रंग सफेद) बरामद।**
- **अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती।**

आज दिनाँक 30-10-2025 को वादी बृजेश कुमार पुत्र जय दयाल द्वारा दूध की डेयरी मियां बाजार मैन रोड़ के सामने से अज्ञात चोर द्वारा वादी का छोटा हाथी टाटा कम्पनी (यूपी-83-टी-5120 रंग सफेद) चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना सिरसागंज पर सूचना दी गयी थी। सूचना के आधार पर थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0 631/25 धारा 303(2) बीएनएस0 पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा मु0अ0सं0 631/25 धारा 303(2) में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज की 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास के क्रम में मुखबिर खास द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर थाना सिरसागंज पुलिस टीम भावली मोड़ एनएच0-19 पर चैकिंग कर रही थी। चैकिंग के दौरान भावली की तरफ से 01 चार पहिया छोटा हाथी आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो छोटा हाथी का चालक छोटा हाथी को पीछे मोड़कर भागने के प्रयास करने लगा किन्तु सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण छोटे हाथी को मोड़ नहीं पाया तथा खुद को घिरता हुआ देखकर चालक द्वारा छोटा हाथी से उतरकर भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगा। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर एवं चोरी / लूट का 01 चार पहिया छोटा हाथी (यूपी-83-टी-5120 रंग सफेद) बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त की पहचान अभियुक्त राशिद पुत्र चाँद खाँ निवासी मिंया बाजार ट्यूबैल नं0 4 दक्षिणी मोहनगंज थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद के रूप में हुई है; जोकि थाना सिरसागंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 631/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 में वांछित

अभियुक्त है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-**

1- अभियुक्त राशिद पुत्र चाँद खाँ निवासी मिंया बाजार ट्यूबैल नं0 4 दक्षिणी मोहनगंज थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

**अभियुक्त राशिद उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0स0 191/17 धारा 4/25 आर्म्स अधि0 थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0स0 66/21 धारा 3/25 आर्म्स अधि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0स0 631/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0स0 632/2025 धारा 109/352/317(2)/317(5) बीएनएस 3/25/27 आर्म्स अधि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1-थाना प्रभारी वैभव कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

2-उ0नि0 अशोक कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

3-उ0नि0 भैय्यालाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

4- उ0नि0 राजनारायण थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

5-हे0कां0 शिवशंकर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

6-हे0कां0 पवन चौधरी थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

7-हे0कां0 अनिल कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

8- हे0कां0 हीरालाल थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

9- कां0 विश्वेन्द्र थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

10-कां0 दीपक उपाध्याय थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

11- कां0 अमित सिंह थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।